# उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) अधिनियम, 1956

**(1956 का अधिनियम संख्यांक 55)**

**[16 सितम्बर, 1956]**

**मुख्य न्यायाधिपति को छोड़कर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि के लिए उपबन्ध करने के लिए अधिनियम**

भारत गणराज्य के सातवें वर्ष में संसद् द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :—

**1. संक्षिप्त नाम**—(1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) अधिनियम, 1956 है ।

**2. मुख्य न्यायाधिपति से भिन्न उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की अधिकतम संख्या**—भारत के मुख्य न्यायाधिपति को छोड़कर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की अधिकतम संख्या [1][तैंतीस] होगी ।

———

[1] 2019 के अधिनियम सं० 37 की धारा 2 द्वारा "तीस" शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित ।